Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 22 जनवरी, 2022

‘कोयला दर्पण’ पोर्टल

कोयला क्षेत्र से संबंधित प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों (KPIs) को आम लोगों के साथ साझा करने हेतु कोयला मंत्रालय ने हाल ही में ‘कोयला दर्पण’ पोर्टल लॉन्च किया है। इस पोर्टल के तहत प्रारंभिक चरण में मुख्य तौर पर कोयला/लिग्नाइट उत्पादन, कोयला/लिग्नाइट की कुल खरीद, अन्वेषण डाटा, केंद्रीय क्षेत्र की योजनाएँ, ताप-विद्युत संयंत्रों में कोयला भंडार की स्थिति, बुनियादी ढाँचा परियोजनाएँ, कोयला ब्लॉकों का आवंटन और कोयला मूल्य से संबंधित संकेतक प्रदान किये जाएंगे। गौरतलब है कि कोयला विश्व स्तर पर सबसे अधिक मात्रा में पाया जाने वाला जीवाश्म ईंधन है। इसका उपयोग घरेलू ईंधन के रूप में तथा लोहा, इस्पात, भाप इंजन जैसे उद्योगों में और बिजली पैदा करने के लिये किया जाता है। कोयले से उत्पन्न बिजली को ‘थर्मल पावर’ कहते हैं। कोयले को मुख्यतः चार रैंकों में वर्गीकृत किया जाता है: एन्थ्रेसाइट, बिटुमिनस, सब-बिटुमिनस और लिग्नाइट। यह रैंकिंग कोयले में मौजूद कार्बन के प्रकार व मात्रा तथा कोयले की उष्मा ऊर्जा की मात्रा पर निर्भर करती है। दुनिया के प्रमुख कोयला उत्पादकों में चीन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया और भारत शामिल हैं। भारत के कोयला उत्पादक क्षेत्रों में झारखंड में रानीगंज, झरिया, धनबाद और बोकारो शामिल हैं।

मॉरीशस में प्रमुख मेट्रो स्टेशन ‘महात्मा गांधी’ के नाम पर

मॉरीशस सरकार ने मेट्रो एक्सप्रेस परियोजना के लिये भारत के समर्थन हेतु आभार प्रकट करने हेतु अपने एक प्रमुख मेट्रो स्टेशन का नाम राष्ट्रपिता ‘महात्मा गांधी’ के नाम पर रखने की घोषणा की है। इस अवसर पर दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने मॉरीशस में सिविल सर्विस कॉलेज और 8 मेगावाट सोलर पीवी फार्म प्रोजेक्ट की आधारशिला भी रखी। इसके साथ ही दोनों देशों की सरकारों ने लघु विकास परियोजनाओं के कार्यान्वयन हेतु भारतीय अनुदान सहायता के संबंध में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं। सरकारों ने**एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट बैंक ऑफ इंडिया** (EXIM) और **SBM (मॉरीशस) इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड** के बीच चल रहे मौजूदा मेट्रो एक्सप्रेस प्रोजेक्ट एवं अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स के लिये 190 मिलियन डॉलर की लाइन ऑफ क्रेडिट हेतु भी एक समझौता किया। गौरतलब है कि भारत ने लंबे समय तक मॉरिशस को भारतीय मूल के प्रवासियों (Diaspora) के संदर्भ में ही देखा है जिनकी संख्या इस देश में अधिक है। हालाँकि बीते विगत कुछ वर्षों में भारत ने पश्चिमी हिंद महासागर में मौजूद इस द्वीपीय देश को सामरिक दृष्टि से भी महत्त्व देना प्रारंभ कर दिया है।

भारत-डेनमार्क सहयोग

भारत और डेनमार्क ने अपनी ‘हरित सामरिक साझेदारी कार्य योजना- 2020-2025’ के हिस्से के रूप में हरित हाइड्रोजन सहित हरित ईंधन पर संयुक्त अनुसंधान और विकास शुरू करने पर सहमति व्यक्त की हैं। भारत-डेनमार्क संयुक्त समिति ने एक आभासी बैठक में हरित अनुसंधान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार में निवेश हेतु रणनीतिक प्राथमिकताओं पर चर्चा की। समिति ने मिशन-संचालित अनुसंधान, नवाचार और प्रौद्योगिकी विकास पर द्विपक्षीय सहयोग से विकास पर ज़ोर दिया, जिसमें जलवायु व हरित ट्रांजिशन, ऊर्जा, पानी, अपशिष्ट, भोजन, आदि शामिल हैं।

रोबर्टा मेट्सोला

रोबर्टा मेट्सोला को **यूरोपीय संसद** की अब तक की सबसे कम उम्र की अध्यक्ष चुना गया है और वह 20 वर्षों के लिये यह भूमिका अदा करेंगी। रोबर्टा मेट्सोला, ‘माल्टा’ से संबद्ध हैं। रोबर्टा मेट्सोला, यूरोपीय संघ के रूप में एक ऐसी संस्था का नेतृत्व करेंगी, जो बीते कुछ वर्षों में काफी शक्तिशाली हो गई है और जिसने डिजिटल अर्थव्यवस्था, जलवायु परिवर्तन और ब्रेक्ज़िट जैसे मुद्दों पर 27-राष्ट्र ब्लॉक की नीति तय करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-22-january-2022